# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक 30.11.2025

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 30 नवंबर 2025 गोरखपुर।** 44 यूपी बटालियन एनसीसी, गोरखपुर द्वारा दिनांक: 23 नवंबर 2025 को एनसीसी अपना 78वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसके अन्तर्गत 26 नवम्बर को रक्तदान, 27 नवम्बर को साईकिल रैली, 28 नवम्बर को नुक्कड़ नाटक तथा 30 नवम्बर को एनसीसी डे परेड एवम् अचीवर्स के लिए रैंक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

दिनांक: 30 नवम्बर, 2025 को 44 यूपी बी.एन. एनसीसी, गोरखपुर एवं एम.पी. इण्टर कॉलेज, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में एनसीसी डे परेड एवम् अचीवर्स के लिए रैंक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर; दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज, गोरखपुर तथा महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर के कुल 245 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर कॉलेज, सीनियर कैडेट्स सचिन शर्मा ने कैप्टन दीपक शर्मा को रिपोर्ट किया। उसके पश्चात् दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,गोरखपुर; दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज, गोरखपुर तथा महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर के एनसीसी सब-यूनिट्स के कैडेटों द्वारा महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर के मैदान पर शानदार मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज, गोरखपुर तथा महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर के चयनित वरिष्ठ कैडेटों को रैंक प्रदान किया गया। दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज, गोरखपुर के कैडेट लक्ष्मी को सीनियर अंडर ऑफिसर, तीन कैडेट्स सचिन शर्मा, अंकित कुमार सिंह तथा नित्या यादव को अंडर ऑफिसर; दो कैडेट्स: उन्नति सोनकर तथा निखिल सोनकर को सार्जेंट; कैडेट मनमीत तिवारी को लांसकॉरपोरल, तथा सान्या जायसवाल को कॉर्पोरल का रैंक प्रदान किया गया। महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज के कैडेट अनिकेत यादव को सीनियर अंडर ऑफिसर, 2 कैडेट्स: आकाश गुप्ता एवं राजन पाल को अंडर ऑफिसर; तीन कैडेट्स: संजीव कुमार, अनिकेत चौहान एवं मनीष को सार्जेंट का रैंक प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमपी इण्टर कॉलेज, गोरखपुर के प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित, अनुशासन और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर कैप्टन दीपक शाही, थर्ड ऑफिसर भारत सिंह, सीटीओ डॉ सुभाष चन्द्र, एस.एम. एम अब्राहम, नायब सूबेदार तेजपाल सिंह, बीएचएम विकास बाबू थापा, पीआई स्टॉफ: हवलदार कमल धोज, अनिल राणा, हवलदार विकास बाबू, हवलदार थमन थापा, हवलदार परमान अंगम बे, हवलदार बुधीमान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जीसीआई तृप्ति सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत एवम् राष्ट्र गान के साथ हुआ।

डॉ.(सुनील कुमार सिंह)
सह–प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क